ग्रेटर नौएडा औधोगिक विकास प्राधिकरण

प्लाट नं0—01, सैक्टर—नालेज पार्क—4, ग्रेटर नौएडा, 201310
जिला— गौतमबुद्वनगर, उत्तर प्रदेश।

Website: www.greaternoidaauthority.in

पत्रांक—ग्रे0नौ0 / का0आ0 / वित / 2022—23 / 30338 दिनांक 28 / 04 / 2022

कार्यालय आदेश

वर्तमान में प्राधिकरण एवं उसके आस—पास के क्षेत्र में अवस्थापना एवं विकास कार्यो के कारण निवेशको का आकर्षण बढ रहा है। निवेशकों द्वारा औधोगिक / वाणिज्यिक में काफी रूचि दिखायी जा रही है। विगत 3—4 वर्षो में निवेशकों द्वारा औधोगिक भूखण्डों को एक मुश्त भुगतान पर आंवटन कराया गया है। उपरोक्त के दृष्टिगत प्राधिकरण द्वारा औधोगिक, आई0टी0 एवं संस्थागत (धार्मिक भूखण्डों के अतिरिक्त) के भूखण्डों को बिल्डर्स व वाणिज्यिक की भॉति Auction के माध्यम से आवंटित किये जाने हेतु मा0 बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। जो मा0 संचालक मंडल द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। यह आवंटन प्रकिया और अधिक निष्पक्ष तथा पारदर्शित भी होगी।

ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण की 126 वी बोर्ड बैठक के मद संख्या 126 / 22 को मा0 संचालक मंडल द्वारा प्रदान किये गये अनुमोदन के अनुपालन मे प्राधिकरण द्वारा भविष्य में लायी जाने वाली औधोगिक, आई0टी0 एवं संस्थागत (धार्मिक भूखण्डों के अतिरिक्त) के अन्तर्गत परिसम्पत्तियों के आवंटनों की योजनाओं में परिसम्पत्तियों का आवंटन बिल्डर्स व वाणिज्यिक की भॉति Auction के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित करें।

इस प्रकार से ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण में उधोग / संस्थागत / आई0टी0 आदि योजनाओं के अन्तर्गत भूखण्डों को बिल्डर्स व वाणिजय की भॉति Auction के माध्यम से आवंटित किये जाने से प्राधिकरण द्वारा निर्धारित Reserve Price/Allotment Rate से अधिक धनराशि पर Auction के माध्यम आवंटित किये जाने से प्राप्त होने वाली अधिक Excess धनराशि का उपयोग गुणवत्ता परक जन सुविधाओं जैसे सडक निर्माण, पार्को के रखरखाव, सीवर व्यवस्था, स्वास्थ्य सम्बन्धि व्यवस्था, पानी वितरण, साफ सफाई, गारबेज का निस्तारण आदि के विकास तथा अनुरक्षण पर व्यय करके उच्च कोटि की अवसंरचनात्मक सुविधाऐं यहॉ के आंवटियों / निवेशकों को प्रदान किये जाने मे किया जाये।

उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

भवदीय,

(अमनदीप डुली)
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी

प्रतिलिपिः—

1. स्टाफ आफिसर को, मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ।
2. अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, (ए0एस0 / डी0) महोदय के अवलोकनार्थ।
3. समस्त विभागाध्यक्षों (..) को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. उप महाप्रबन्धक (सिस्टम) को इस आशय से प्रेषित की उक्त आदेश को प्राधिकरण की वेबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाईल।

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी